कृषि विज्ञान केन्द, जबलपुर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150 वें जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 11 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2019 तक ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अंगीकृत गांवो तथा कृषि केन्द्र पर लगातार 22 दिनों तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, पौध रोपण एवं पौध वितरण, ग्रामीण महिलाओं हेतु व्यक्ति स्वच्छता एवं सफाई कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय सवा योजना के छात्र–छात्राओं द्वारा सिंगलयूज प्लास्टि के उपयोग को रोकने हेतु नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा एवं पोस्टर के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम क समापन 2 अक्टूबर को गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला की उपस्थित में केन्द्र के वैज्ञानिक/ कर्मचारी, कृषक/कृषक महिला, तथा छात्र–छात्राओं द्वारा शपथ लिया गया कि अब वे एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक का बहिष्कार करेगें तथा इसका उपयोग नहीं करेगे।

कार्यक्रम के संचालन में कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. नितिन सिंघई, डॉ. प्रमोद शर्मा एवं श्रीमति जीजी एनी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के साथ–साथ एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक सामग्री का उपयोग कम करना तथा लोगों में इसके होने वाले दुष्परिणामों से जागरूक करना था।

एक क़दम Plastic
मुक्त भारत की
11 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2019
कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर
नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर